# रावघाट रेल परियोजना के लिए जमीन अधिग्रहित, पर पीड़ित किसानों को अभी तक नहीं मिली नौकरी

## किसानों ने सौंपा ज्ञापन, पहले चाहिए नौकरी तभी आगे की काम चालू करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

दल्लीराजहरा रावघाट जगदलपुर रेल निर्माण कार्य को लेकर एक बार फिर रेलवे राजस्व व प्रभावित किसान आमने-सामने हुए। शुक्रवार को अंतागढ़ पहुंचे रेलवे के अफसरों व किसानों के बीच जमीन को लेकर बैठक हुई। किसानों ने कहा कि जब तक प्रभावित किसान परिवार के एक सदस्य को नौकरी नहीं मिलेगी तब तक कार्य को बंद रखा जाए।

दल्लीराहजरा भानुप्रतापपुर रावघाट जगदलपुर रेल लाईन परियोजना अन्तर्गत किसानो की जमीन अधिग्रहण किया गया है। अंतागढ़ तक रेल सेवा भी प्रारंभ हो गया है। आगे निर्माण कार्य चल रहा है इसके लिए रेल लाइन से लगी किसानों की जमीन लाइन में अधिग्रहित किया गया है। लेकिन किसानों को अब तक नौकरी नही मिली है। किसानों ने बताया कि रेलवे की नियम हर बार बदल रहा है। असंतुष्ट किसानों ने मंडल रेल प्रबंधक दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर के नाम ज्ञापन सौंपा है और मांग किया है कि मांग पुरा होने तक कच्चे से रावघाट रेल्वे लाईन निर्माण कार्य बंद रखा जाए।

किसान मोहित,जयसिह,रामेश्वर,देशी राम,चैतू राम,मलसाय कोड़ो, सुरेश कुमार,अमिता,इतवरू राम,जागेश्वर,धनीराम, मंगराम, रामप्रसाद, सोमनाथ, मानसिंह,भानु राम समेत अन्य किसानों ने बताया दल्लीराहजरा रावघाट जगदलपुर रेल लाईन परियोजना अन्तर्गत किसानो की जमीन अधिग्रहण किया गया है।



### एक सदस्य को दे नौकरी

प्रत्येक किसान परिवार के एक सदस्य को रेल्वे विभाग में नौकरी देने का वादा किया गया था। लेकिन आज पर्यान्त तक वह पूर्ण नही हो पाया है। जिससे प्रभावित किसानों में आक्रोश व्याप्त है, जिससे आगे उग्र आन्दोलन कि प्रबल संभावना है, जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी रेल्वे विभाग की होगी ।उन्होंने कहा मांग पुरी होने तक रेल्वे लाईन का निर्माण कार्य पूर्ण रूप से कच्चे से रावघाट तक बंद किया जावें।

## खबर संक्षेप

### बोर्ड परीक्षा में आत्मानंद स्कूल के नतीजे बेहतर

**कांकेर।** स्वामी आत्मानंद हिंदी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय पटौद का 10 वीं एवं 12वीं का परीक्षा परिणाम पिछले वर्ष की तुलना में बेहतर रहा। कक्षा 10 वीं में 66 परीक्षार्थियों में 61 छात्र उत्तीर्ण, 03 पूरक, 02 छात्र अनुत्तीर्ण हुए, परिणाम 92 प्रतिशत रहा। कक्षा दसवीं में खनक सलाम 88 प्रतिशत, लिसा सलाम 84 प्रतिशत एवं इशिका वर्मा ने 82 प्रतिशत अंक प्राप्त किया। कॉमर्स संकाय एवं विज्ञानं संकाय का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा एवं कला संकाय का परीक्षा परिणाम 96 प्रतिशत रहा। कक्षा 12वीं में प्रथम स्थान पर शिवम नेताम 87.6 प्रतिशत कला संकाय, गीतांजली साहू 85 प्रतिशत विज्ञानं संकाय, सिमरन साहू 82 प्रतिशत विज्ञानं संकाय, सूर्यकान्त 81 प्रतिशत, शालिनी दर्रो ने 80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम गौरान्वित किया। संस्था के प्राचार्य डीएस निषाद एवं ग्राम पटौद के उप सरपंच ऋषि कुमार साहू ने शुभकामनाएं दी।

### जेपरा के छात्रों का बोर्ड परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन

**लखनपुरी।** जेपरा के हायर सेकंडरी विद्यालय के छात्रों ने माध्यमिक शिक्षा मंडल की 10वीं व 12वीं बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। दसवीं में प्रथम माही तिवारी, द्वितीय माही नेताम, तृतीय भिवेश जुर्री रहे। 12वीं में रोमा पटेल, अभय निषाद, दिव्या निषाद, सोनाली एवं खुशी मंडावी ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। छात्रों के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर हरवंश सिंह मिरी, लखन रायस्त, गणेश कांगे, दीपक राय, नारद कांगे, वीके साहू, भूपेंद्र नागे, उमेश सोनवानी, गणेश तिवारी, हेमंत सिन्हा, विनोद ठाकुर, थानेश्वर सिन्हा, शशिकांत, हरीश सौंदर्य, छबि धनेलिया, रविशंकर नागे, जितेंद्र गंगासागर, वाकेश जैन, खेमराज गंगासागर, रामकुमार रायस्त, देवकुमार, राजू सिन्हा ने शुभकामनाएं दी।

### सनराइज पब्लिक स्कूल के शत प्रतिशत बच्चे उत्तीर्ण

**कांकेर।** सनराईज पब्लिक हाई स्कूल राजापारा कांकेर का कक्षा दसवीं का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा । परीक्षा परिणाम में कक्षा दसवीं से यश खोब्रागढ़े 92.33 प्रतिशत, काजल वर्मा 88.6 प्रतिशत, आयुष जैन 88.6 प्रतिशत एवं श्लोक नेताम, चिरंजीव कुंजाम व सभी छात्र प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। स्कूल के डायरेक्टर डॉ. दिलीप घ्रोड़खादे ने सभी विद्यार्थियों एवं गुरुजनों को शुभकामनाएं दी। प्राचार्य नूतन साहू एवं शिक्षक शिक्षिकाओं की मार्गदर्शन से यह परिणाम संभव हो सका।

## निधन

### हिमन कोर्राम



**कांकेर।** जिला अध्यक्ष छग शालेय शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष एवं नरहरपुर विकासखंड के सीआरसी हीमन कोर्राम का 11 मई की सुबह निधन हो गया। शिक्षक जगत में खबर फैलते ही शिक्षकों ने किहा कि यह शिक्षा जगत के लिए अपूर्णीय क्षति है। उनका अंतिम संस्कार उनके गृहग्राम मानिकपुरी में 11 मई को दोपहर 12 बजे किया गया।

### पुरानी रंजीश को लेकर दो पक्षों में मारपीट, काउंटर रिपोर्ट दर्ज

**भानुप्रतापपुर।** भानुप्रतापपुर विकासखंड अंतर्गत ग्राम हेटारकसा में दो पक्षों के बीच पुरानी रंजिश को लेकर विवाद हुआ फिर जमकर मारपीट हो गया। दोनो पक्ष ने एक दूसरे के विरुद्ध मारपीट करने का रिपोर्ट दर्ज कराया है। लीलेश कुमार साहू पिता स्व. सुखदास,कुलेश्वर पिता धनेस साहू ग्राम हेटारकसा निवासी ने बताया है कि दिनांक 10/05/2024 को समय लगभग 10 बजे हम अपने खेत से वापस आकर घर जाने के लिए मोटर सायकल में बैठे थे कि उसी समय भुवन साहू, हेमलाल साहू के द्वारा हमारे मोटर सायकल को रोककर हमारे साथ गंदी-गंदी गाली कर डण्डा से मारपीट किये जिससे लीलेश को दाहिने हाथ एवं पैर में चोट आई है तथा कुलेश्वर को दाहिना हाथ के उंगलीयों में चोट लगी है।

सभी बीमारियों में तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने
धमतरी. मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वात रोग, हाथ पैर में दर्द होना, साइटिका, नस रोग
चर्मरोग - दाद, खुजली, एक्जिमा, मुंह में छाला होना, अल्सर कैंसर
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना, पेट में दर्द होना
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना, दर्द होना
पुरुष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन, शुक्राणु की कमी, कमजोरी
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, बच्चादानी में गांठ, मासिक रुकावट
बुखार, सर्दी, खांसी, स्वांस दमा, शुगर रोग, सिर दर्द, मूत्र रोग, टी.बी. रोग, केश रोग, नेत्र रोग व दांत रोग का इलाज होता है।

## पर्व : अक्षय तृतीया पर लोगों ने दिया दान और आभूषण आदि की खरीदी की

# उत्साह से मनाई अक्ती, बच्चों ने पुतरा-पुतरी का विवाह रचाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

छत्तीसगढ़ का पारंपरिक त्यौहार अक्ती यानि अक्षय तृतीय शुक्रवार को भानुप्रतापपुर में धूमधाम के साथ मनाया गया।बच्चों ने जहां मिट्टी से बने गुड्डे- गुड़ियो का ब्याह रचाया तो वहीं किसानो द्वारा खरीफ फसल की शुरूआत के लिए पूजा अर्चना कर धान को धरती माँ को बीज समर्पित कर खरीफ फसल की तैयारी की औपचारिक शुरूआत की। अंचल में गुड्डा-गुडिया (पुतरा-पुतरी) की शादी करने की परंपरा धूमधाम से निभाई गई।अक्षय तृतीया को सभी मांगलिक कार्य के लिए शुभ माना जाता है। अक्ती त्योहार की मान्यता को लेकर बताया कि छत्तीसगढ़ में किसान अपने भरण पोषण और जीवनयापन के लिए अन्न को केवल वस्तु नहीं मानते बल्कि अन्नपूर्णा माता के रूप में उसकी पूजा करते हैं। अक्ति के दिन किये जाने वाला शुभ कार्य अक्षय होता हैं। भारतीय सनातन संस्कृति में अक्षय तृतीया को अत्यधिक महत्व दिया जाता है। शास्त्रीय मान्यता के अनुसार बताया कि इस दिन रामायण और महाभारत की कई घटनाएं हुई थी। एकमात्र अक्षय तृतीया ही ऐसी तिथि है जिसमें मुहूर्त देखने की आवश्यकता नहीं होती।

संस्कृत में 'अक्षय' शब्द अनंत या शाश्वत का प्रतीक है, जो इस दिन से जुड़े असीमित भाग्य और समृद्धि का प्रतीक है। ऐसा माना जाता है कि यह नए उद्यम शुरू करने, जैसे व्यवसाय शुरू करने, नई नौकरी शुरू करने या नए निवास में स्थानांतरित होने का एक उपयुक्त समय है। इसके अतिरिक्त, जैसे-जैसे हम जीवन में आगे बढ़ते हैं, यह हमारे दिवंगत पूर्वजों को सम्मान देने और याद रखने की याद दिलाता है।

जब कुछ नया शुरू करने की बात आती है तो यह दिन सबसे अच्छे दिनों में से एक माना जाता है। लोग इस अवसर पर सोना, चांदी जैसी कीमती धातुएँ खरीदते हैं क्योंकि ऐसा माना जाता है कि यह परिवार में समृद्धि और सौभाग्य लाता है। इस मौके पर लोगों ने उन लोगों को भी सम्मान दिया जो अब उनके साथ नहीं हैं।

### अक्षय तृतीया क्या है?



अक्षय तृतीया पूरे भारत में हिंदुओं और जैनियों द्वारा मनाए जाने वाले सबसे शुभ त्योहारों में से एक है। 'आखा तीज' के नाम से लोकप्रिय यह सौभाग्य, सौभाग्य और समृद्धि का त्योहार माना जाता है। यह भारतीय महीने वैशाख में शुक्ल पक्ष के तीसरे दिन पड़ता है, जो ग्रेगोरियन कैलेंडर के अनुसार आम तौर पर अप्रैल या मई होता है। संस्कृत में, अक्षय शब्द का अर्थ कभी कम न होने वाला है, और ऐसा माना जाता है कि इस दिन शुरू किया गया कोई भी नया प्रोजेक्ट या उद्यम समृद्धि और सौभाग्य लाएगा। नए उद्यम शुरू करने, विवाह, निवेश और सोना या अन्य कीमती वस्तुएं खरीदने के लिए इसे अत्यधिक शुभ माना जाता है।
भक्त इस त्यौहार को देवताओं की पूजा करके, अनुष्ठान करके और जरूरतमंदों को दान देने जैसी धर्मार्थ गतिविधियाँ करके मनाते हैं। साथ ही यह दिन सोने के आभूषण खरीदने या सोने में निवेश के लिए भी शुभ माना जाता है।

# सलिहापारा में जलसंकट चार में दो नलकूप खराब



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

ब्लॉक से लगे गांव तुएगुहन इस गांव का एक मोहल्ला है सलिहापारा जहाँ 300 की आबादी निवास करती है। बढ़ती गर्मी और वाटर लेवल नीचे चले जाने से सलिहापारा में पानी की विकराल समस्या उत्पन्न होगयी है। यह सुनकर भाजपा नेता कोमल हुपेंडी और भाजयुमो के डिकेश साहू ग्रामीणों से मिलने सलिहापारा पहुँचे।

ग्रामीणों ने उन्हें बताया कि गांव में 4 बोर है जिसमे से 2 बोर पूरी तरह से खराब पड़ा है और 1 बोर जो गांव के आंगनबाड़ी का है उसमें क्रेडा द्वारा पानी का टंकी तो लगाया गया है लेकिन उस बोर में जलस्तर कम होने के कारण मात्र आधा घण्टा चलने के बाद पानी आना बंद हो जाता है।और एक हैंड पंप जो कि वर्षो से खराब था उसे गांव की सभी महिलाओं द्वारा पैसा इकट्ठा कर बनवा के अभी पीने के पानी के लिए उपयोग किया जा रहा है। एवम गांव में 2 तालाब भी है जो कि पूर्णतः सुख चुके है। जिस वजह से इस भीषण गर्मी में पशु पक्षियों को भी पानी के लिए दर दर भटकना पड़ रहा है। ग्रामीणों की समस्या सुनकर भाजपा नेता कोमल हुपेंडी ने कहा है वो इस संबंध में प्रशासन से बात करेंगे और जल्द से जल्द गांव में बोर करने के लिए मांग करेंगे,उक्त समय मे सलिहापारा के महेंद्र सेन, ब्रिजबाई कैमरो, जैनी नायक, सुंदर बाई सेन और बड़ी संख्या में सलिहापारा के ग्रामीण उपस्थित थे।

## समर कैंप में स्पोकन इंग्लिश, पेंटिंग म्यूजिक, डांस का बच्चे ले रहे आनंद





**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल ब्लॉक के सुदूर अंचल ग्राम मेड़ो में बच्चों को स्पोकन इंग्लिश, पेंटिंग, पेपर क्राफ्ट, मेंहदी, म्यूजिक, डांस जैसे विभिन्न कौशलों निखारने के लिए निःशुल्क समर कैंप का आयोजन किया गया। बच्चें इस कैंप में पहुँचकर इन विधाओं की बारीकियों को सीख रहे है।

शाउमावि मेड़ो की व्याख्याता तृप्ति गजभिये ने बच्चों के हुनर को निखारने के लिए गर्मी की छुट्टी में ग्राम मेड़ो के ही एक भवन में निःशुल्क समर कैंप का आयोजन किया है। समर कैंप में पहुँचने वाले बच्चों को स्पोकन इंग्लिश, पेंटिंग, पेपर क्राफ्ट, मेंहदी, म्यूजिक, डांस जैसे विभिन्न कौशलों को सिखाने समर कैंप लगाया। शिक्षिका का मानना है कि सुदूर इलाके के बच्चों में भी हुनर की कमी नही होती, उन्हें अपने अंदर के हुनर को निखारने के लिए मार्गदर्शन की आवश्यकता होती है। शिक्षिका द्वारा बच्चों का मार्गदर्शन देकर उनके अंदर छुपे कौशलों को निखारने का प्रयास किया जा रहा है। इस समर कैंप से बच्चे ही नही, बल्कि उनके पालक भी खुश है कि उनके बच्चों को पढ़ाई के अलावा अलग-अलग कलाओं को सीखने का मौका मिल रहा है।

शिक्षिका के द्वारा ग्रामीण बालिकाओं के सर्वांगीण विकास हेतु ग्रुप ऑफ अभिलाषा समूह बनाया गया हैं। इस समूह की बालिकाओं द्वारा भी समर कैंप में सहयोग किया जा रहा है।

## दुर्गूकोंदल ब्लाक में परीक्षा परिणाम रहा संतोष जनक

**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल के अंतर्गत आने वाले हाई स्कूल और हायर सेकंडरी स्कूल का 10 वीं और 12 वी परीक्षा परिणाम शानदार और उत्साह वर्धक रहा। विकास खंड में 27 हाई स्कूल और 13 हायर सेकंडरी स्कूल संचालित है। खंड शिक्षा अधिकारी के अनुसार हाई स्कूल मर्रामपानी, आमागढ़, सुरुंगदोह, हानपतरी, मंगहुर, कन्या आवासीय विद्यालय चिखली, कोड़ेकुर्से, जादेकुर्स, आमाकड़ा, तरहुल और तराईघोटिया का परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत, तरहुल 97 ,कोंडे 97 ,लोहतर 96 , सेजस 95, मेडो 95 , गोडपाल 91 , सिहारी 91 , पैरेकोडो 84 , डांगरा 92, इरागांव 93 , झिटकाटोला 86 , हाटकोंडल 78, ओटेकसा 60 रहा। विकासखंड अंतर्गत हायर सेकंडरी स्कूल में 12 वी परीक्षा परिणाम हायर सेकंडरी स्कूल चिखली कला संकाय और विज्ञान 100, लोहत्तर कला संकाय, विज्ञान संकाय वाणिज्य संकाय और गणित 100, तरहूल कला संकाय और विज्ञान संकाय 100, मेडो कला में 100 और विज्ञान 72, कोदापाखा कला 54 और विज्ञान में 56, सेजस दुर्गुकोंदल कला 98, विज्ञान में 81.81 और वाणिज्य 100, गणित 100, सेजस दुर्गुकोंदल हिंदी माध्यम विज्ञान में 100, वाणिज्य में 100 और गणित में 100, कन्या आवासीय विज्ञान संकाय में 90.90, दमकसा कला संकाय 100, विज्ञान 100, वाणिज्य में 100 हाटकोंदल कला संकाय में 93.47, विज्ञान में 90, वाणिज्य में 100, आमाकडा कला में 100, विज्ञान में 100, वाणिज्य 100, गणित 100 प्रतिशत रहा।

## बोरिंग चालू करने की बात पर मां-बेटे की पिटाई, आरोपियों पर मामल दर्ज



**कांकेर।** पोड़गांव में बोर मशीन को चालू करने की बात को लेकर विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि एक पक्ष के द्वारा गाली देते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट कर दिया। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज किया गया। अंतागढ़ थाना मे शिकायत करने पहुंचे ग्राम पोड़गांव निवासी 30 वर्षीय कविराज देहारी पिता प्रभुराम देहारी ने पुलिस को बताया कि 10 मई की शाम 5 बजे दमयन्तीन देहारी मेरे घर के पास आकर मेरी मां ईतवारिन बाई को बोर चालू करने के लिए बोली मेरी मां ने उनको बताया कि बोर मशीन शार्ट हो गया है, यह कहकर मां ने बोर चालू नही किया। बोर चालू नही करने पर दमयन्तीन देहारी ने मेरी मां को गाली देने लगी उसी समय दमयन्तीन का पति लोकनाथ देहारी और उसका ससुर अमरनाथ देहारी भी बोर के पास आएं और मेरी मां को गाली देने लगे। गाली देने के लिए मना करने पर तीनो मिलकर मां के साथ-साथ मुझे भी गाली देते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए हाथ मुक्का व डण्डा से मारपीट करने लगे। मारपीट करने से मेरे सिर, दाहिने हाथ व कंधा मे तथा मेरी मां के दाहिना हाथ मे चोट आई है।

# एनएच तीस चारामा में बाइक ने बाइक को ठोंका, पिता-पुत्र घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



चिनौरी से चारामा जाते समय मोटर सायकल चालक को चारामा से आ रही मोटर सायकल चालक ने लापरवाही ढंग से चलाते हुए ठोकर मार दिया। चिनौरी से आ रहे मोटर सायकल चालक व उसके पीछे बैठे पिता जमीन पर गिर गए। दोनो को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चारामा में भर्ती कराया गया। चारामा पुलिस ने आरोपी वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।


चारामा थाना में शिकायत करने पहुँची 50 वर्षीय हेम बाई निर्मलकर पति नकुल राम निर्मलकर ने पुलिस को बताया कि मैं ग्राम चिनौरी की निवासी हूं। मेरे पति नकुल राम निर्मलकर और बेटा उमेश निर्मलकर 10 मई को घर से सुबह लगभग 10 बजकर 15 मिनट पर मोटर सायकल क्रमांक सीजी 10 बीआर 6702 से परिवार के निजी काम के लिए निकले थे। मोटर सायकल को मेरा बेटा उमेश निर्मलकर चला रहा था, मेरे पति नकुल निर्मलकर पीछे बैठे थे, उनके जाने के कुछ देर बाद लगभग 10 बजकर 50 मिनट पर मदन राठी निवासी चिनौरी ने फोन से जानकारी दिया कि तुम्हारे पति और बेटे का झीपाटोला डिवाईडर के पास एक्सीडेन्ट हो गया है, जिसमें दोनों घायल हो गए है, जिन्हे ईलाज के लिए चारामा के सरकारी अस्पताल लेकर गए है। मै एक्सीडेंट की बात सुनकर अपने बेटे बिकास निर्मलकर और भानुदेव निर्मलकर के साथ चारामा सरकारी अस्पताल पहुँचे। डॉक्टर दोनो का ईलाज कर रहे थे। मेरे पति के पैर व शरीर के अन्य हिस्सों में चोट आई थी। अस्पताल में घायल मेरे बेटे ने बताया कि चारामा जाते समय ग्राम झीपाटोला राष्ट्रीय राजमार्ग 30 के पास पहुंचकर डिवायडर से अपनी मोटर सायकल को मोड़ रहा था, उसी समय चारामा की ओर से आ रही मोटर सायकल क्रमांक सीजी 24 पी 8695 के चालक के द्वारा तेज व लापरवाही पूर्वक वाहन चलाकर ठोकर मारकर एक्सीडेन्ट कर देने से चोट आई है। राहगीरों और वहां पर उपस्थित लोगों की सहायता से संजीवनी108 के माध्यम से उपचार के लिए सरकारी अस्पताल चारामा में भर्ती कराया गया, जहाँ पर उपचार चल रहा है। प्राथियाँ की शिकायत पर चारामा पुलिस ने आरोपी वाहन चालक के खिलाफ धारा 279, 337 आईपीसी के तहत मामला दर्जकर विवेचना मे लिया गया।

## सामूहिक पूजा और शोभायात्रा के बाद वरिष्ठों का किया सम्मान

# परशुराम जन्मोत्सव पर जयकारा के साथ में निकाली शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर





सर्व ब्राह्मण समाज द्वारा शुक्रवार को परशुराम जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर समाजजनों द्वारा धर्म पथ परशुराम चौक पर विशेष पूजा अर्चना के बाद डीजे की धुन पर भव्य शोभायात्रा निकाली गई।

परशुराम जन्मोत्सव पर परशुराम चौक पर 10 मई को भव्य आयोजन किया गया। इस मौके पर सभी विप्रजनों द्वारा मरीन ड्राईव के पास परशुराम के स्तम्भ पर शाम साढ़े 4 बजे सामूहिक पूजा अर्चना किया गया। सामूहिक पूजा पंडित गुलजार शर्मा एवं पंडित सत्यप्रकाश शर्मा द्वारा पूरे विधि विधान से मंत्रोच्चार के बीच कराया गया। सामूहिक पूजा अर्चना के बाद शाम 7 बजे धर्म पथ परशुराम चौक से डीजे की धुन के साथ शोभायात्रा की शुरुआत की गई। शोभायात्रा की अगुवाई 2 युवा बाइक में हनुमान भगवा ध्वज के साथ करते चल रहे थे। इसके साथ भगवान परशुराम के कटआउट वाली गाड़ी चल रही थी। परशुराम के कटआउट वाहन के पीछे शस्त्रधारी ब्राम्हण जयकारा लगाते चल रहे थे। इसके साथ ही समाज की महिलाएं भगवा ध्वज थामे चल रही थी। इसके पीछे विप्रजन बाईक में शोभा बढ़ा रहे थे। शोभायात्रा मरीन ड्राईव के पास परशुराम के स्तम्भ से प्रारंभ हुई, जो कोठारी पेट्रोल पंप, मस्जिद चौक, पुराना बस स्टैंड होते हुए वापस मरीन ड्राईव के पास परशुराम के स्तम्भ के पास पहुंची। शोभायात्रा के उपरांत समाज के वरिष्ठजनों का सम्मान किया गया और इसके बाद भोजन प्रसाद वितरण के साथ समारोह का समापन हुआ।

विदित हो कि सर्व ब्राह्मण समाज द्वारा आराध्य भगवान विष्णु के छठवें अवतार भगवान परशुराम का जन्मोत्सव को भव्य रूप से मनाने के लिए सप्ताहभर पहले से जुटे हुए थे। समाज के पदाधिकारियों द्वारा जिले के सभी ब्लॉकों में पहुंचकर विप्रजनों को आमंत्रित किया गया। आयोजन को भव्य बनाने के लिए बैठकों को आयोजन कर रूपरेखा तैयार की गई। इस अवसर पर दिनेश मिश्रा, दीपक मुखर्जी, नितेश उपाध्याय, डॉ. दुर्गेश अवस्थी, जेपी जोशी, बलराम भट्ट, विनोद तिवारी, महेश दूबे, अप्पी शर्मा, देवेश मिश्रा, आयुषि मिश्रा, भावना हड़प, मंजू शर्मा, गायत्री शर्मा, किशन पांडेय, सुरेश तिवारी, रमाकांत दुबे, ज्ञानेश शर्मा सहित जिलेभर से विप्रजन शामिल रहे।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 20,500/-
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
By Train-रिजर्वेशन कोच
20 मई से 02 जून 2024, 24 मई से 06 जून 2024, 26 मई से 08 जून 2024, 29 मई से 11 जून 2024
05 जून से 18 जून 2024
राशि:-स्लीपर 20,500/-, 3 एसी- 29,500/-, 2 एसी- 34,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411